# मुख्यमंत्री ने मंत्रियों-विधायकों की वीसी के माध्यम से ली बैठक-राज्य में 22 से 29 सितम्बर तक मनाया जाएगा जीएसटी बचत उत्सव



**जयपुर, 21 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में किए गए सरलीकरण से गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, व्यापारी और उद्योगपतियों सहित समाज के सभी वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों को त्यौहारों के शुभ अवसर पर जीएसटी दरों में कमी की अनूठी सौगात दी गई है। इसका व्यापक लाभ सुनिश्चित करने के लिए जन-जागरूकता आवश्यक है।

श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जीएसटी दरों के संबंध में मंत्रीगण और विधायकों की वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में 22 से 29 सितम्बर तक जीएसटी सुधार एवं दर युक्तिकरण जन-जागरूकता कार्यक्रम ह्यजीएसटी बचत उत्सवह्न शुरू किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के साथ ही व्यवसायी वर्ग को प्रेरित करना है।

**अधिकांश वस्तुओं के लिए अब दो जीएसटी स्लैब**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन नेशन वन टैक्स प्रणाली की ओर बढ़ते हुए देश में वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू किया गया था। इसमें 5, 12, 18 व 28 प्रतिशत की चार अलग-अलग टैक्स स्लैब थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गत स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी सुधारों की घोषणा की, जिसकी अनुपालना में अब दिनांक 22 सितम्बर से देश में मुख्य रूप से दो दरें 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत प्रभावी हो रही हैं। केवल विलासिता से संबंधित वस्तुओं पर ही 40 प्रतिशत टैक्स दर लागू होगी। उन्होंने कहा कि इस कदम से दैनिक उपयोग की अधिकांश वस्तुएं सस्ती होंगी और आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि किसान, मध्यम वर्ग और स्वास्थ्य क्षेत्र को भी इस कटौती का फायदा मिलेगा। टैक्स कम होने से वस्तुओं की मांग बढ़ेगी, व्यापारी लाभान्वित होंगे तथा उद्योगों को सरल कर संरचना का लाभ मिलेगा। श्री शर्मा ने बैठक में मंत्रियों और विधायकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान की अवधि के दौरान वे अपने-अपने क्षेत्रों में जीएसटी बचत उत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए आमजन को इस संबंध में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि स्थानीय बाजारों में जाकर दुकानदारों को जीएसटी दरों में कमी से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दें तथा उन्हें इसका लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करें।

## जयपुर के स्टेनी मेमोरियल कॉलेज, मे अंगदान जागरूकता का महत्व हुआ सांझा




**जयपुर मे** स्टेनी मेमोरियल कॉलेज, अंगदान जागरूकता एवं फामार्कोविजिलेंसह्न विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय मेडिकल कॉलेज, टोंक के प्राचार्य एवं फामार्कोलॉजी के सीनियर प्रोफेसर डॉ. लोकेन्द्र शर्मा तथा एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के ढरट विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. धर्मेश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्रोफेसर उर्वशी सिंह, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर, ने भी अंगदान प्रक्रिया के समन्वय और महत्व पर अपने विचार साझा किए।

व्याख्यान में विद्यार्थियों को अंगदान के महत्व से अवगत कराया गया, तथा फामार्कोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत दवाइयों से होने वाले संभावित दुष्प्रभाव और उनके प्रबंधन की जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर कॉलेज के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## नशा मुक्त और स्वस्थ भारत के संकल्प के लिए दौड़ा कोटा, 'नमो युवा रन' में उमड़ा जन सैलाब, युवाओं में दिखा उत्साह



**जयपुर, 21 सितम्बर।** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने रविवार को कोटा जिले के नयापुरा स्थित महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम से ह्यनमो युवा रन- नशामुक्त भारत के लिएह्न दौड़ का शुभारंभ किया। हजारों की संख्या में जुटे युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह दौड़ केवल फिटनेस का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भागीदारी का संदेश है।

श्री बिरला ने कहा कि जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी एक विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण संभव है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने और इसमें सबसे बड़ी भूमिका युवाओं की है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन एक घंटा फिटनेस और खेलों को दें। यही आदत भविष्य में स्वस्थ समाज और मजबूत भारत की नींव बनेगी।

नशामुक्त भारत की ओर कदम–

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को नष्ट करता है, जबकि खेल और अनुशासन जीवन को नई दिशा देते हैं। इस युवा रन का संदेश है कि हम सभी मिलकर नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी नशामुक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जब हजारों युवा एक साथ दौड़ते हैं तो यह केवल खेल आयोजन नहीं होता, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प की बुलंद आवाज बन जाता है। श्री बिरला ने युवाओं से स्वदेशी अपनाने और जीवन में सेवा भाव रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार या जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम फिट रहेंगे, स्वदेशी अपनाएंगे और समाज सेवा में योगदान देंगे तो भारत अवश्य नई ऊँचाइयों तक पहुंचेगा।

## संसदीय कार्य मंत्री ने श्री श्रीयादे मां धाम झालामंड में सड़क निर्माण कार्य का किया लोकार्पण



**जयपुर, 21 सितम्बर।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा माटीकला प्रशिक्षित आर्टिजन एवं दस्तकारों को बजट घोषणा 2025-26 के अनुरूप जोधपुर जिले में विद्युत चलित चाक एवं मिट्टी गूंथने की मशीन (पगमील) का निःशुल्क वितरण समारोह एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण कार्यक्रम रविवार को श्री श्रीयादे मां पावन धाम झालामंड में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल एवं श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 92 प्रशिक्षित आर्टिजन एवं दस्तकारों को विद्युत चलित चाक एवं पगमील का वितरण किया गया और जेडीए द्वारा 28.65 लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया गया।

**पांच वर्ष में 4 लाख युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी–**

श्री पटेल ने कहा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं के उत्थान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने पांच वर्ष में 4 लाख सरकारी नौकरी और निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार के अवसर प्रदान का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में अब तक 76 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। 81 हजार से अधिक पदों का परीक्षा कैलेंडर और 26 हजार भर्तियों के विज्ञापन जारी हो चुके हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हमें स्थानीय दस्तकारों और उनके पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिट्टी के उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है,

जिससे हमारे कारीगरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहन देकर वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

## पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में कैथल में सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आरंभ आज से

**कैथल (कृष्ण प्रजापति**



मोटापा, शुगर, बी.पी., हृदय रोग और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से निवारण हेतु पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में महिला पतंजलि योग समिति, कैथल द्वारा सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी अमर राविश ने बताया कि यह शिविर आज 22 सितम्बर से 6 अक्टूबर 2025 तक टिकोना पार्क सनसिटी, सिल्वर ओक स्कूल के सामने, कैथल में संचालित होगा। यह प्रशिक्षण शिविर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध होगा। शिविर में प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक और सांय 5 बजे से 7 बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा। वहीं रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक ऑनलाइन बौद्धिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर हरिद्वार से साध्वी सहित विशिष्टगण भी उपस्थित रहेंगे। आयोजक सनसिटी वेलफेयर एसोसिएशन, कैथल ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर प्रतिभागियों को स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ प्रमाण-पत्र भी प्रदान करेगा। अधिक जानकारी एवं पंजीकरण हेतु इच्छुक लोग आयोजकों से संपर्क कर सकते हैं।

## महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू ने जवाहर कला केन्द्र में 21 से 30 सितंबर तक चलने वाले राज्य स्तरीय अमृता हाट का किया उद्घाटन,



**जयपुर, 21 सितम्बर।** महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने मुख्य अतिथि के रूप में रविवार को निदेशालय महिला अधिकारिता द्वारा जवाहर कला केंद्र के दक्षिण परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय अमृता हाट (21 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव श्री महेंद्र सोनी, महिला अधिकारिता विभाग की आयुक्त श्रीमती नीतू राजेश्वर सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की आत्मनिर्भर राजस्थान की परिकल्पना को साकार करते हुए अमृता हाट छोटी महिला उद्यमियों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तीकरण के प्रतीक के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उन्हें आर्थिक सशक्तीकरण की मुख्यधारा से जोड़ना है।

डॉ. बाघमार ने कहा कि इस राज्य स्तरीय अमृता हाट में राजस्थान के सभी जिलों की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित आकर्षक हस्तनिर्मित उत्पादों का विक्रय के लिए प्रदर्शन किया गया है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया 2 करोड़ की लागत के नाले का शिलान्यास– अजमेर के विकास को लगे पंख - विधानसभा अध्यक्ष



**जयपुर, 21 सितम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर में 2 करोड़ 6 लाख की लागत से बनने वाले नाले का शिलान्यास किया। यह नाला चौरसियावास से लायंस क्लब तक बनेगा। नाले के शिलान्यास समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर के विकास को पंख लग गए हैं।

श्री देवनानी ने अपने संबोधन में कहा कि अजमेर का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। लगातार किए गए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों से अजमेर का एक नया ही रूप सामने आ रहा है। विकास की यह गति अनवरत चलती रहेगी। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त बजट दिया जा रहा है।

श्री देवनानी ने कहा कि चौरसियावास से लायंस क्लब तक नाला बनने से द्वारका नगर की गली संख्या 4, 3, 2, 1, व्हाइट हाउस, अभियंता नगर एवं अरावली विहार के निवासियों को सहूलियत मिलेगी। वर्षा के दौरान आसानी से जल निकासी सुनिश्चित होगी। इससे जल भराव की समस्या नहीं होगी। वार्ड संख्या 79 में करोड़ों रुपये के कार्य करवाए गए हैं। एक वार्ड में ही 1.5 करोड़ की सड़कें बनाई गई है। यह एक उपलब्धि है। इसी प्रकार भास्कर कार्यालय से एचकेएच पब्लिक स्कूल तक के विशाल नाले का निर्माण जारी है। इस पर 4.73 करोड़ की लागत आई है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अजमेर शहर को विकास की दृष्टि से अग्रिम पंक्ति में लाना सरकार का संकल्प है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए लेपर्ड सफारी का शुभारंभ किया गया है। बिजली के लिए पहली बार गैस आधारित जीएसएस हाथी भाटा पावर हाउस में बनने जा रहा है। पेयजल की समस्या के स्थाई समाधान के लिए विधानसभा क्षेत्र में तीन रिजर्वायर बनेंगे। इससे बीसलपुर का पानी सीधे विधानसभा क्षेत्र को उपलब्ध होगा। साइंस पार्क का लोकार्पण शीघ्र ही किया जाएगा। इस बार अजमेर शहर की सड़कों के समस्त पेचवर्क धनतेरस से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## साँप के काटने पर घरेलू उपचार में समय बर्बाद न करें: डॉ. रोहित गोयल

## साँप के काटने का सबसे बड़ा इलाज जागरूकता है

**फाजिल्का 21 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार की देखरेख में सहायक सिविल सर्जन सह नोडल अधिकारी डॉ. रोहित गोयल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने सर्पदंश जागरूकता दिवस मनाया। डॉ. रोहित गोयल ने कहा कि साँप के काटने पर लोगों की प्रतिक्रिया साँप के काटने से भी ज्यादा खतरनाक होती है। आज भी बहुत से लोग तांत्रिक या घरेलू उपचारों पर विश्वास करते हैं। इस प्रक्रिया में जहर शरीर में फैल जाता है और फिर इलाज मुश्किल हो जाता है। अगर साँप के काटने के शुरूआती 60 मिनट के भीतर इलाज मिल जाए, तो पीड़ित की जान बचाना आसान होता है।

सिविल अस्पताल फाजिल्का, अबोहर और जलालाबाद के आपातकालीन विभागों में सर्प-रोधी टीकों का पूरा स्टॉक उपलब्ध है और प्रशिक्षित डॉक्टर 24 घंटे तैनात रहते हैं। इसका इलाज बिल्कुल मुफ़्त है। विष-रोधी इंजेक्शन सबसे कारगर इलाज है। साँप के काटने पर सबसे पहले मरीज को शांत करना जरूरी है। डर से हृदय गति बढ़ जाती है, जिससे जहर तेजी से पूरे शरीर में फैल जाता है। उन्होंने बताया कि जख्म को कसकर न बाँधें, क्योंकि इससे ऊतक क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। कटे हुए स्थान को साफ कपड़े से ढकें, सर्पदंश वाले स्थान को पट्टी की सहायता से स्थिर रखें। जब साँप काट ले, तो मुँह से जहर चूसने की कोशिश न करें। कोई भी स्थानीय दवा या जड़ी-बूटी न लगाएँ, बर्फ, तेल या गर्म पानी का प्रयोग न करें। स्वयं दवा न लें और घरेलू उपचार में समय बर्बाद न करें। व्यक्ति को जल्द से जल्द नजदीकी अस्पताल ले जाएँ।

जिला मास मीडिया अधिकारी विनोद खुराना और उप मास मीडिया अधिकारी मनबीर सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी चिकित्सा आपात स्थिति के लिए 104 मेडिकल हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है।

## उपायुक्त ने अबोहर के विभिन्न गाँवों का दौरा किया

## जल निकासी कार्यों की समीक्षा



**अबोहर 21 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

फाजिल्का की उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू ने आज अबोहर उपमंडल के खुई खेड़ा, रुकनपुरा और वरियाम खेड़ा गाँवों का दौरा किया और जमा हुए बरसाती पानी की निकासी का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को जमा हुए पानी की जल्द से जल्द निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि अगली फसल की बुवाई समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अबोहर मलूका माइनर और रामसरा माइनर में गाँवों में जमा हुए पानी की निकासी के बिंदुओं का भी निरीक्षण किया! इस दौरान, उपायुक्त ने यह भी बताया कि सरकार बरसात से हुए नुकसान की गिरदावरी भी करवा रही है। उपायुक्त ने कहा कि गाँवों में चल रहे विकास कार्यों को भी तेजी से पूरा किया जाए। प्रत्येक परियोजना को निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जाए। उनके साथ एसडीएम कृष्ण पाल राजपूत, कार्यकारी अभियंता जल संसाधन आलोक चौधरी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने अबोहर-बल्लूआना के विकास कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक की

**अबोहर 21 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



फाजिल्का की उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू ने आज अबोहर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अबोहर और बल्लूआना क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागों को अबोहर शहर में चल रहे विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी! उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभिन्न स्थानों से पेयजल के नमूने लें और ये नमूने जलस्रोत के साथ-साथ लोगों के घरों से भी लिए जाएँ ताकि शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट ली और विभाग द्वारा अब तक किए गए कार्यों की भी जानकारी ली! उन्होंने कहा कि धान की कटाई का सीजन शुरू हो गया है और किसानों को अपनी धान की फसल 17 प्रतिशत तक नमी वाली ही मंडियों में लानी चाहिए ताकि किसानों को ज्यादा देर तक मंडियों में न बैठना पड़े! उन्होंने कहा कि धान की कटाई के बाद किसान बचे हुए फसल अवशेषों को न जलाएँ क्योंकि ऐसा करने से हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता है।

उन्होंने शहर और गाँवों में सफाई अभियान को और तेज करने के भी निर्देश दिए ताकि बारिश के बाद जल या कीटाणु जनित बीमारियों के फैलने की आशंका को रोका जा सके! उन्होंने मच्छरों को मारने के लिए गाँवों के अलावा शहर के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से फॉगिंग करवाने के भी निर्देश दिए।

## फाजिल्का विधायक ने रेतीवाली भैणी विखे गाँव में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का काम शुरू किया

**फाजिल्का 21 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। पंजाब सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों को बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा देगी। यह बात फाजिल्का विधायक श्री नरिंदर पाल सिंह सावना ने बाढ़ प्रभावित गाँव रेतीवाली भैणी विखे में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का काम शुरू करने के अवसर पर कही। विधायक नरिंदर पाल सिंह सावना ने कहा कि बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए बाढ़ प्रभावित गाँवों की सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।

देश का दर्पण
जयपुर, सोमवार
22.09.2025



# फाजिल्का शहर में सड़क नवीनीकरण का काम शुरू, विधायक ने 1.70 करोड़ रुपये की सड़क का रखा शिलान्यास

**फाजिल्का 21 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
फाजिल्का के विधायक नरिंदर पाल सिंह सवना ने आज एमआर कॉलेज से हनुमान मंदिर, घंटाघर चौक तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इसके निर्माण पर 1.70 करोड़ रुपये की लागत आएगी।



इस अवसर पर विधायक नरिंदर पाल सिंह सवना ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार शहरी विकास के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 6 करोड़ रुपये की लागत से सड़क संबंधी अन्य कार्यों के टेंडर जल्द ही खोले जाएंगे और शहर में विभिन्न सड़क निर्माण कार्य किए जाएंगे।

विधायक नरिंदर पाल सिंह सवना ने कहा कि पंजाब सरकार शहरों और गांवों में समान प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि लोगों को बेहतर तरीके से बुनियादी सुविधाएं मिलें। उन्होंने यह भी कहा कि पहले शहर में पीने के पानी की नई पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा था, जो लंबे समय से लंबित था और अब सड़कों का काम शहर निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि शहरों और गांवों में समान प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि लोगों को बेहतर तरीके से बुनियादी सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि सरकार शहर के सभी विकास कार्यों को पूरा करेगी।

इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा खुशबू सावनसुखा सावना खुशी फाउंडेशन, शाम लाल गांधी एमसी वार्ड नंबर 9, अमन दरेजा एमसी, अलका जुनेजा जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी महिला विंग, काका डोगरा एमसी, बिट्टू सेतिया, सोमा रानी, ??सुनील मैनी, विजय नागपाल, कृष्ण कंबोज ब्लॉक अध्यक्ष, राज आहूजा ब्लॉक अध्यक्ष भी मौजूद थे।

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का जोधपुर दौरा

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांग शब्द से पूरे देश के नजरिये को बदला



**जोधपुर/जयपुर, 21 सितम्बर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि जब व्यक्ति अपने जीवन को सेवा कार्यों से जोड़ता है और विशेषकर दिव्यांगों के लिए तब वह समाज के अन्य व्यक्तियों को भी प्रेरित करता है। जिससे अन्य लोग भी सेवा कार्य से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमती सुशीला बोहरा श्री पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय का लम्बे समय से संचालन कर दिव्यांगों की सेवा कर रही हैं तथा इस कार्य से समाज के विशिष्ट लोग भी जुड़े हैं। श्री शाह रविवार को जोधपुर के रामराज नगर चौखा में श्री पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नवीन महाविद्यालय भवन, बॉयज हॉस्टल व गर्ल्स हॉस्टल के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से महाविद्यालय में 3 नवीन भवनों का शिलान्यास हुआ है और उन्हें आशा है कि इनका निर्माण कार्य समय से पूर्ण होगा, जिससे दिव्यांग बच्चों के जीवन में उम्मीद का उजियारा आएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि श्रीमती सुशीला बोहरा ने 5 विद्यालय, 2 महाविद्यालय और निःशुल्क शिक्षा, छात्रावास, भोजन और जरुरतमंदों को ऑडियो बुक्स, रिकॉर्ड लेक्चर्स, ब्रेल प्रिंटिंग प्रेस, स्क्रीन रीडर, कम्प्यूटर लैब तथा पुस्तकालय के माध्यम से सैकड़ों दृष्टिबाधित बच्चों के जीवन में ज्ञान और दृष्टि का प्रकाश प्रसारित किया है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि यहां के बच्चे सरकारी बैंकिंग व निजी क्षेत्र में काम कर रहे हैं और सर्वोच्च न्यायालय में वकालत भी कर रहे हैं।

**सामाजिक सेवा के कार्यों में सभी दें अपना योगदान**

श्री शाह ने कहा कि समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं, विशेषकर दिव्यांग नागरिक, दिव्यांग बच्चे और दिव्यांग माताओं के जीवन में समस्याओं को दूर करने के लिए अनेक कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सेवा के जो कार्य होते हैं और उसमें अलग-अलग क्षेत्रों के लोग जब योगदान देते हैं तब परिवर्तन आता है। इस तरह के योगदान से देश के दिव्यांग बच्चों के लिए अच्छा जीवन और कैरियर की सुनिश्चितता की जा सकती है।

**प्रधानमंत्री ने विकलांग की जगह किया दिव्यांग शब्द का प्रारम्भ**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि श्री पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय राजस्थान का प्रमुख नेत्रहीन महाविद्यालय है। उन्होंने कहा कि जब समाज में दिव्यांगों को दया की जगह दिव्यता का प्रतीक मानने की शुरूआत होती है। तब सही अर्थों में दिव्यांगजनों के लिए काम होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में पहली बार पूरे देश में विकलांग शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का प्रयोग करना प्रारम्भ किया। प्रधानमंत्री के इस फैसले से देश के लोगों और सभी राज्य सरकारों का दिव्यांगजनों के प्रति देखने का नजरियां बदला।

## बाड़ी-अग्रसेन जयंती के अवसर पर 23 व्यक्तियों ने लिया नेत्रदान का संकल्प,रक्तदान शिविर का भी हुआ आयोजन




## रक्तदान वीरों की नगरी बाड़ी में हुआ 333 यूनिट का रक्तदान

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 21 सितंबर।**
अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी बाड़ी द्वारा 31वां विशाल सर्वसमाज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 333 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि , जिला मजिस्ट्रेट जिला न्यायालय धौलपुर,सुनील गुप्ता, न्यायिक अधिकारी बाड़ी,आयुष गुप्ता न्यायिक अधिकारी बाड़ी,प्रशंसा अग्रवाल न्यायिक अधिकारी बसेड़ी , चित्रांशी न्यायिक अधिकारी , राकेश गोयल न्यायिक अधिकारी प्रियांशी गोयल न्यायिक अधिकारी, मुकेश अग्रोहा , मुन्नालाल मंगल ,राधेश्याम गर्ग , डॉ शिवदयाल मंगल ,सरोज मंगल जी,कमलेश आर्य रहीं। इस अवसर पर जिला जज अरुण अग्रवाल ने भी रक्तदान कर सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और बताया कि आपके रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।

आपका दिया गया रक्त मानवता के काम आयेगा सभी रक्तदाता बधाई के पात्र है। आज इस अग्रसेन जयंती के अवसर पर संस्था द्वारा लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर 23 व्यक्तियों ने नेत्रदान का संकल्प लिया जिनका अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया नेत्रदान का संकल्प लेने वालो में समिति संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी ,राकेश जी गर्ग ,विनोद जी अग्रवाल , कमलेश जी आर्य ,विमला मित्तल ,लक्ष्मी बंसल जी ,राजेश बंसल जी ,जे के मंगल जी , बंटू जी गर्ग नादनपुर वाले,रामकुमार जी बंसल, विजय सिंघल जी डेयरी ,ओमप्रकाश जी धीमरी वाले, महावीर प्रसाद गोयल नेकपुर वाले , प्रिन्शी गर्ग ,सुमन मंगल,आशा बंसल , विमला मित्तल , बिजेंद्र सोनी जी,रोशनी शिवहरे ,हरिश्चंद बंसल ,सुरेखा बंसल ,अशोक जी गर्ग,उषा मंगल

**अग्रसेन जयंती पर प्रतिवर्ष होता है रक्तदान शिविर का आयोजन**

संस्था के अध्यक्ष दिलीप मंगल ओर सचिव सागर बंसल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर हर वर्ष आयोजन होता है गत वर्ष 521 यूनिट रक्तदान हुआ इस वर्ष 333 यूनिट रक्तदान हुआ है संस्था के संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी और संस्थापक रोहित मंगल ने बताया कि संस्था महाराजा अग्रसेन जी के समाज बाद के सिद्धांत एक ईट एक रुपया एक यूनिट ब्लड के सिद्धांत पर कार्य करती है इस अवसर पर संयोजक सुनील बंसल , सह संयोजक, संदीप बंसल निरंजन मंगल , मोहित मंगल ,योगेश गोयल पवन गर्ग मनीष मित्तल ,राजेंद्र गर्ग बंटू गर्ग रिंकू गर्ग रामू बंसल बबलू गर्ग अमित मंगल रवि मोदी गिराज हिमांशु मंगल वरुण मंगल उपस्थित रहे साथ ही जन चेतना समिति बाड़ी परमार्थ सेवा समिति अपना घर सेवा समिति ओर आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की युवा टीम का सहयोग रहा इस अवसर पर विष्णु महेरे,डॉ हरिकिशन मंगल ,मनोज मोदी,अनिल गोयल,हरिशंकर मंगल ,राकेश कंपनी परिवार ,नरेंद्र मंगल ,सचिन बंसल ,मंथन बंसल उपस्थिति रहे।

## ग्राम लोहागढ़ में सिवाय चक भूमि को लेकर हुआ विवाद, 13 जने हुए घायल

**जुरहरा, जिला डीग** रेखचन्द्र भारद्वाजः जुरहरा कस्बा क्षेत्र के गांव लोहागढ़ में रविवार को गांव की सिवाय चक भूमि में फसल कटाई को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्षों में झगड़ा हो गया जिसमें दोनों पक्षों के 13 जने घायल हो गए। घटना में घायलों हुए लोगों को जुरहरा के राजकीय किरोड़ीलाल स्वर्णकार अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से कई घायलों को जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील के गांव लोहागढ में रविवार को हुए झगडे की सूचना पर जुरहरा पुलिस मौके पर पहुंची। जहां दोनों पक्षों के घायलों को जुरहरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई घायलों की हालत गम्भीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भरतपुर के लिए रैफर किया गया है। झगड़े में एक पक्ष के 9 तथा दूसरे पक्ष के 4 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने शांति भंग में दोनों पक्षों के 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है। जुरहरा थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि लोहागढ गांव में सिवाय चक की जमीन है जिसमें कुछ हिस्से पर मन्दिर बना हुआ है व शेष जमीन को गांव के लोग अब तक मन्दिर के लिए आपसी सहमति से ठेके पर देते चले आ रहे थे। इस बार एक पक्ष जिसने जमीन पर बुवाई की थी वह उसमें खड़ी फसल को काटने गया था जहां दूसरा पक्ष जो इससे सहमत नहीं था वह मौके पर फसल की कटाई को रूकवाने के लिए पहुंच गए जहां कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया।

## सद्भभावना पार्क हुआ राममय..माता जानकी सँग प्रभु श्री राम के दर्शन कर धन्य हुए सैकड़ों श्रद्धालु

**देश का दर्पण न्यूज।। उत्तर प्रदेश से संवाददाता।। प्रमोद शर्मा की रिपोर्ट**
आगरा। शनिवार को कमला नगर स्थित सद्भभावना पार्क में श्री जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल द्वारा प्रभु श्री राम दर्शन एवं भव्य स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भक्ति और उल्लास का अलग ही नजारा था। पूरा पार्क प्रभु श्री राम के रंग में रंगा हुआ था.. पूरा वातावरण राममय था.. राम के रस में डूबा हुआ था.. सब लोग अपने प्रभु राम को समीप पाकर उनके निकट से दर्शन को लालायित थे। किसी ने उनके पाँव छू के, किसी ने उन पर पुष्प वर्षा करके तो किसी ने उनकी आरती उतार कर स्वयं को धन्य महसूस किया।



इस दौरान भजन गायिका अंजू चौहान ने 'राम राम जय सीताराम', 'श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में' और 'मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जाएंगे, राम आएंगे' जैसे भजनों से सबको भाव विभोर कर दिया। बैंड वादकों के भजनों की मधुर स्वर लहरियों के मध्य प्रभु के स्वरूपों का स्वागत करने के बाद श्री जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि आज बच्चों को भगवान राम का चरित्र पाठ्यक्रम में अवश्य ही पढ़ाया जाना चाहिए। सीए गोविंद प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि रामायण की एक चौपाई भी अगर हम जीवन में उतार लें तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा। रामलीला के मंचन का असली उद्देश्य यही है कि रामायण हम सबके जीवन में और हमारे घर में घटित होनी चाहिए।

राजा जनक राजेश अग्रवाल (रसोई रत्न), महारानी सुनैना श्रीमती अंजू अग्रवाल, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, श्रीमती मधु बघेल, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राकेश गर्ग, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महामंत्री राजीव अग्रवाल, भगवान दास बंसल सेवला वाले, डॉ. डीवी शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महंत कपिल नागर, माधव अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, श्रीमती मीरा अग्रवाल, केके गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अमृता अग्रवाल, श्री जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के महामंत्री पार्षद प्रदीप अग्रवाल, उमेश कंसल, संयोजक पार्षद पंकज अग्रवाल, नितिन कोहली, कोषाध्यक्ष रामरतन मित्तल, सहकोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल बैंक, सर्वव्यवस्था प्रमुख गौरव पोद्दार, जनकपुरी महिला समिति की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, मीनू त्यागी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रीनेश मित्तल ने किया।

## भाजपा युवा मोर्चा की ओर से जयपुर,कोटा, अलवर,जोधपुर, उदयपुर में किया गया नमो युवा रन का आयोजन

**जयपुर, 21 सितम्बर (रविवार)।** आज भाजपा युवा मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाडा के तहत ह्यह्यनमो युवा रन-नशा मुक्त भारतह्लह्ल का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नमो युवा रन को हरि झंडी दिखाकर अमर जवान ज्योति जयपुर से रवाना किया जो कि विधानसभा, नगर निगम रोड होते हुए, टोंक रोड, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल, पुनः अमर जवान ज्योति पर समापन किया गया । भारतीय जानता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश में पाँच स्थानों पर ह्लह्लनमो युवा रनह्लह्ल का आयोजन किया गया । नमो युवा रन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्लनशा मुक्त भारतह्ल के संकल्प को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ भारत का निर्माण करना है।



जयपुर शहर में आयोजितनमो युवा रन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जोधपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उदयपुर में सांसद-विधायक, कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, अलवर में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा नमो युवा रन को रवाना किया गया और युवा शक्ति को संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व विधायक जितेन्द्र गोठवाल, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, प्रदेश मंत्री भूपेन्द्र सैनी, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी,भाजपा नेता पंडित सुरेश मिश्रा, डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट, आरसीए एडहॉक कमेटी प्रदेश संयोजक डीडी कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, युवा मोर्चा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पुरूवंशी, आशीष चौपड़ा ,कार्यक्रम के संयोजक युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र पिलानिया एवं सह-संयोजक घनश्याम गौतम सहित हजारों युवाओं ने नमो युवा रन में भाग लिया।

## खैरथल में दो दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ, विशाल बाइक रैली निकाली

**देश का दर्पण दैनिक न्यूज खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**
**खैरथल श्री अग्रवाल सभा** संस्थान खैरथल के सचिव प्रमोद सिंघानिया ने बताया कि रविवार से दो दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती का शुभारंभ श्री अग्रसेन सर्किल पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर संस्थान के अध्यक्ष नरेश गर्ग ने किया।



इसके उपरांत विशाल बाइक रैली को संस्थान के संरक्षक मुरारीलाल मंगल ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस श्री अग्रवाल भवन पर समाप्त हुई रैली में अग्रवाल समाज के युवाओं ने जोश खराश से भाग लिया और छोटे बच्चों ने स्केटिंग करते हुए रैली को मार्गदर्शन दिया।

दोपहर में संस्थान भवन में महिलाओं और बच्चों की मेहंदी, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें समाज की महिलाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इनके विजेता थाल सज्जा में इनु अग्रवाल प्रथम, पूजा गोयल द्वितीय, अंजली गोयल तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता महिला वर्ग में नीतू गोयल प्रथम, अमीषा को द्वितीय, पूजा मित्तल तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में लुभावनी प्रथम, परी द्वितीय, मेंहदी प्रतियोगिता महिला वर्ग में अंशु प्रथम, आरती द्वितीय और साक्षी को तृतीय, छात्रा वर्ग में हिमांशी प्रथम, भाविका द्वितीय और बरखा तृतीय स्थान प्राप्त किया और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## विप्र कल्याण समिति खैरथल की बैठक आयोजित विप्र कल्याण समिति पदाधिकारी ने खैरथल रेलवे स्टेशन पर मंडोर एक्सप्रेस का ठहराव पर जताया हर्ष

**देश का दर्पण दैनिक न्यूज खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**
**खैरथल** खैरथल जिले की सामाजिक संस्था विप्र कल्याण समिति के मातोर रोड़ स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति के सभी पदाधिकारीयों ने खैरथल रेलवे स्टेशन पर मंडोर एक्सप्रेस के ठहराव पर हर्ष जताया एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पूर्व विधायक रामहेत यादव का आभार जताया, अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि समिति पिछले एक वर्ष से दैनिक यात्री, व्यापारी, कर्मचारियों के लिए कुछ महत्वपूर्ण ट्रैनों के ठहराव के लिए प्रयासरत हैं जिसमें से मंडोर एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी मिल गई है बाकी ट्रेनों के ठहराव के लिए समिति ने केन्द्रीय मंत्री एवं रेल मंत्री को ज्ञापन दिए हुए हैं निश्चित तौर पर शीघ्र ही अन्य गाड़ियों का भी ठहराव होगा इस दौरान संदीप मिश्रा, रविन्द्र शर्मा, बी. एन अवस्थी, सुभाष गौड़, हरीश शर्मा, अमित शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, संदीप शर्मा रानोठ, मुकुल शर्मा, अंकित शर्मा, मक्खन लाल शर्मा, रविकांत जोशी आदि विप्र कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे



## सबसे निम्न स्तरीय निर्वाचित जनप्रतिनिधि मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं - जदयू महुआ विधानसभा प्रभारी अमरनाथ चन्द्रवंशी

**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**
सबसे निम्न स्तरीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में वार्ड सदस्य, पंच मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनसे बेहतर मतदाता का नब्ज टटोलने वाले अन्य जनप्रतिनिधि का होना असंभव सा प्रतित होता है। उनमें हरेक मतदाताओं को परखने में और पार्टी के हित में गति देने सहायक सिद्ध हो सकते हैं। उक्त बातें रविवार को मुस्तफापुर चौक स्थित चन्द्रा आई टी आई के प्रागंण में आयोजित चेहराकलां प्रखण्ड के वार्ड सदस्यों, पंचों एवं सरपंचों के साथ संवाद सह सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू महुआ विधानसभा अमरनाथ चन्द्रवंशी ने कहीं।



## ये रामायण है पुण्य कथा श्री राम की..



**देश का दर्पण न्यूज। उत्तर प्रदेश से संवाददाता। प्रमोद शर्मा की रिपोर्ट**
आगरा। हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की। यह रामायण है पुण्य कथा श्री राम की... इन पंक्तियों के साथ कमला नगर में चल रहे विशाल, भव्य और ऐतिहासिक जनकपुरी महोत्सव में शनिवार शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत अनुरोध साहित्य कला केंद्र, आजमगढ़ द्वारा राम गाथा नृत्य नाटिका का भावपूर्ण, मनोहर, मार्मिक और जीवंत मंचन किया गया। अनुराधा राय के निर्देशन और माँ शबरी, केकेई व कौशल्या के हृदयस्पर्शी किरदार में सजे इस नृत्य नाटिका के जरिए राम जन्म से लेकर रावण वध तक राम की लीला का अनूठा प्रस्तुतीकरण किया गया।

अनुराधा राय के साथ करण, गोपाल, सुधाकर, हर्ष, शिखा, सुमन, विभव, शिवांगी, गुलशन, रानू, काजल, ताबिश और शुभम सहित 16 बच्चों ने विभिन्न किरदारों में राम गाथा प्रस्तुत करते हुए हजारों दर्शकों का दिल छू लिया और राम भक्तों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन रीनेश मित्तल और श्रुति सिन्हा ने किया।

**श्री राम चौक मंदिर पर हर दिन किया गया प्रभु का श्रृंगार**

आगरा। श्री जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति द्वारा कमला नगर में चल रहे जनकपुरी महोत्सव के दौरान श्री राम चौक कमला नगर स्थित मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के मंदिर में इस बार एक अनूठी पहल की गई। समिति के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को प्रभु राम का फूलों से श्रृंगार किया गया। दूसरे दिन शुक्रवार को टॉफियों से श्रृंगार किया गया और तीसरे दिन शनिवार को मेवा से श्रृंगार किया गया। बाद में हर दिन श्रृंगार में प्रयुक्त की गई सामग्री को प्रसाद के रूप में भक्तों को वितरित किया गया।

## राम जन्म की लीला का हुआ मंचन

**जुरहरा**, जिला डीग रेखचन्द्र भारद्वाजः जुरहरा कस्बे में चल रहे रामलीला महोत्सव के तहत शनिवार की रात्रि को राम जन्म की लीला मंचन स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया गया। लीला के तहत दिखाया गया कि राजा दशरथ अपने कोई सन्तान नहीं होने से व्याकुल होकर गुरू वशिष्ठ के पास जाते हैं जहां गुरू वशिष्ठ श्रृंगी ऋषि को बुलवाकर पुत्रेष्टि यज्ञ कराने की सलाह देते है।



लीला में यज्ञ कराना, भगवान का कौशल्या को चतुर्भुज रूप दिखाना, भगवान का बाल रूप में आना, दशरथ को चार पुत्रों के जन्म का समाचार मिलना, बधाई गाने वाले, गुरू वशिष्ठ द्वारा चारों पुत्रों के नामकरण राम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के रूप में करना आदि प्रसंगो का मंचन किया गया। दशरथ का अभिनय रतन वशिष्ठ, मंत्री अर्जुन सिंह मानवी, कौशल्या तेजपाल पाराशर, देवता रोहताश शर्मा, ऋषि पाराशर, गुरु वशिष्ठ का अभिनय महेश तिवारी के द्वारा किया गया।

# खाद की कालाबाजारी पर छापा मार कार्यवाही, डीएपी के 76 बैग जप्त , विभाग ने करवाई एफआईआर



**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया)21 सितम्बर।** जिले के राजाखेड़ा में शनिवार रात कृषि विभाग की टीम ने डीएपी उर्वरक की कालाबाजारी को लेकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए छापा मार कर डीएपी के 76 बैग जप्त किए। साथ ही काला बाजारी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ विभाग ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई है।

जिला कलक्टर ने कहा कि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए है।खाद की काला बजारी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। ताकि किसान को खाद, बीज के लिए परेशान नहीं हो। उन्होंने बताया कि शनिवार रात को सूचना पर कृषि विभाग की टीम ने पुलिस साथ राजाखेड़ा के बागर गांव में एक स्टोर पर छापा मारा,जहां से 76 बैग डीएपी के जप्त किए गए हैं। विभाग के अधिकारियों ने मामले को लेकर राजाखेड़ा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है, फिलहाल सभी डीएपी बैग को पहाड़ी स्थित क्रय- विक्रय सहकारी समिति के गोदाम में रखवाया गया है।मामले की जानकारी देते हुए उर्वरक निरीक्षक और कृषि अधिकारी प्रशिक्षण धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर छापेमार कार्रवाई की गई है जिसमें सिंघावली खुर्द के बागर गांव में राकेश पुत्र हरिविलास के यहां एक कमरे में डीएपी के 76 कट्टे रखे हुए पाए गए हैं। अवैध भंडारण और कालाबाजारी के अंदेशे को ध्यान में रखते हुए सभी डीएपी बैग को जप्त कर लिया गया है। जिन्हें राजाखेड़ा के पहाड़ी में स्थित सहकारी समिति के गोदाम में रखवाया गया है कृषि अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार धौलपुर, सहायक निदेशक कृषि विस्तार धौलपुर, क्षेत्रीय सहायक कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह परमार, स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक रोहित सिंह जायसवाल शामिल रहे।

## बाड़ी-अग्रसेन जयंती के अवसर पर 23 व्यक्तियों ने लिया नेत्रदान का संकल्प,रक्तदान शिविर का भी हुआ आयोजन*



**रक्तदान वीरों की नगरी बाड़ी में हुआ 333 यूनिट का रक्तदान**
**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 21 सितंबर।** अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी बाड़ी द्वारा 31वां विशाल सर्वसमाज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें 333 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि , जिला मजिस्ट्रेट जिला न्यायालय धौलपुर,सुनील गुप्ता, न्यायिक अधिकारी बाड़ी,आयुष गुप्ता न्यायिक अधिकारी बाड़ी,प्रशंसा अग्रवाल न्यायिक अधिकारी बसेड़ी , चित्रांशी न्यायिक अधिकारी , राकेश गोयल न्यायिक अधिकारी प्रियांशी गोयल न्यायिक अधिकारी, मुकेश अग्रोहा , मुन्नालाल मंगल ,राधेश्याम गर्ग , डॉ शिवदयाल मंगल ,सरोज मंगल जी,कमलेश आर्य रहीं। इस अवसर पर जिला जज अरुण अग्रवाल ने भी रक्तदान कर सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और बताया कि आपके रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।

आपका दिया गया रक्त मानवता के काम आयेगा सभी रक्तदाता बधाई के पात्र है।

आज इस अग्रसेन जयंती के अवसर पर संस्था द्वारा लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर 23 व्यक्तियों ने नेत्रदान का संकल्प लिया जिनका अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया नेत्रदान का संकल्प लेने वालो में समिति संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी ,राकेश जी गर्ग ,विनोद जी अग्रवाल , कमलेश जी आर्य ,विमला मित्तल ,लक्ष्मी बंसल जी ,राजेश बंसल जी ,जे के मंगल जी , बंटू जी गर्ग नादनपुर वाले,रामकुमार जी बंसल, विजय सिंघल जी डेयरी ,ओमप्रकाश जी धीमरी वाले, महावीर प्रसाद गोयल नेकपुर वाले , प्रिन्शी गर्ग ,सुमन मंगल,आशा बंसल , विमला मित्तल , बिजेंद्र सोनी जी,रोशनी शिवहरे ,हरिश्चंद बंसल ,सुरेखा बंसल ,अशोक जी गर्ग,उषा मंगल

**अग्रसेन जयंती पर प्रतिवर्ष होता है रक्तदान शिविर का आयोजन**
संस्था के अध्यक्ष दिलीप मंगल ओर सचिव सागर बंसल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर हर वर्ष आयोजन होता है गत वर्ष 521 यूनिट रक्तदान हुआ इस वर्ष 333 यूनिट रक्तदान हुआ है संस्था के संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी और संस्थापक रोहित मंगल ने बताया कि संस्था महाराजा अग्रसेन जी के समाज बाद के सिद्धांत एक ईट एक रुपया एक यूनिट ब्लड के सिद्धांत पर कार्य करती है इस अवसर पर संयोजक सुनील बंसल , सह संयोजक, संदीप बंसल निरंजन मंगल , मोहित मंगल ,योगेश गोयल पवन गर्ग मनीष मित्तल ,राजेंद्र गर्ग बंटू गर्ग रिंकू गर्ग रामू बंसल बबलू गर्ग अमित मंगल रवि मोदी गिराज हिमांशु मंगल वरुण मंगल उपस्थित रहे साथ ही जन चेतना समिति बाड़ी परमार्थ सेवा समिति अपना घर सेवा समिति ओर आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की युवा टीम का सहयोग रहा इस अवसर पर विष्णु महेरे,डॉ हरिकिशन मंगल ,मनोज मोदी,अनिल गोयल,हरिशंकर मंगल ,राकेश कंपनी परिवार ,नरेंद्र मंगल ,सचिन बंसल ,मंथन बंसल उपस्थिति रहे।

## ग्राम लोहागढ़ में सिवाय चक भूमि को लेकर हुआ विवाद, 13 घायल

**जुरहरा**
जिला डीग रेखचन्द्र भारद्वाजः जुरहरा कस्बा क्षेत्र के गांव लोहागढ़ में रविवार को गांव की सिवाय चक भूमि में फसल कटाई को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्षों में झगड़ा हो गया जिसमें दोनों पक्षों के 13 जने घायल हो गए। घटना में घायलों हुए लोगों को जुरहरा के राजकीय किरोड़ीलाल स्वर्णकार अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से कई घायलों को जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील के गांव लोहागढ में रविवार को हुए झगडे की सूचना पर जुरहरा पुलिस मौके पर पहुंची। जहां दोनों पक्षों के घायलों को जुरहरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई घायलों की हालत गम्भीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भरतपुर के लिए रैफर किया गया है। झगड़े में एक पक्ष के 9 तथा दूसरे पक्ष के 4 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने शांति भंग में दोनों पक्षों के 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है।

जुरहरा थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि लोहागढ गांव में सिवाय चक की जमीन है जिसमें कुछ हिस्से पर मन्दिर बना हुआ है व शेष जमीन को गांव के लोग अब तक मन्दिर के लिए आपसी सहमति से ठे-के पर देते चले आ रहे थे। इस बार एक पक्ष जिसने जमीन पर बुवाई की थी वह उसमें खड़ी फसल को काटने गया था जहां दूसरा पक्ष जो इससे सहमत नहीं था वह मौके पर फसल की कटाई को रूकवाने के लिए पहुंच गए जहां कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया।

जिसमें एक पक्ष के जलसिंह पुत्र समुन्दर, भगवती पत्नी वेदराम, ज्ञानचंद पुत्र गोविन्दा, वेदराम पुत्र नारायण, जसवंत पुत्र जलसिंह, कृष्णा पुत्र लेखराज, भजनलाल पुत्र प्रीतम, रोहताश पुत्र गुलाब व देवी लाल पुत्र समुन्दर साथ ही दूसरे पक्ष के मनोज पुत्र धर्मलाल, धर्मलाल पुत्र भूषण, चतर सिंह पुत्र भूषण, वीरेन्द्र पुत्र समयसिंह आदि लोग घायल हुए हैं।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक में उठे गंभीर मुद्दे

### रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठ, धर्मांतरण व गौवंश वध पर कार्रवाई की मांग




**रायबरेली।** विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को राना नगर स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रांत मंत्री देवेंद्र ने कहा कि प्रदेश में छिपे बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन्हें तुरंत चिन्हित कर कार्रवाई होनी चाहिए और किसी भी स्थिति में इन्हें भारत की नागरिकता नहीं मिलनी चाहिए।प्रांत मंत्री ने ईसाई मिशनरियों पर भी आरोप लगाया कि वे छद्म वेष धारण कर निर्धन वंचित समाज को सेवा और प्रलोभन के नाम पर बहकाते हैं और बाद में उनका धर्मांतरण करा देते हैं। इसे समाज के लिए खतरा बताते हुए उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद इस प्रकार की गतिविधियों का पुरजोर विरोध करती है। देवेंद्र ने भदोखर में हुई गौ हत्या के मामले पर प्रशासन को आड़े हाथों लिया और कहा कि केवल छोटे आरोपियों पर कार्रवाई न होकर इसके पीछे सक्रिय सरगना और उनके संरक्षकों पर भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने लैंड जिहाद और फर्जी प्रमाण पत्रों के मुद्दे पर भी चिंता जताई और प्रशासन से सख्त जांच की मांग की।

बैठक में प्रांत सह मंत्री विवेक, जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला मंत्री धनंजय पांडेय, कार्याध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, विभाग संयोजक रमाशंकर त्रिपाठी, विभाग सह संयोजक पंकज मिश्रा, विशेष संपर्क प्रमुख हरिश्चंद शर्मा, धमार्चार्य संपर्क प्रमुख दिनेश लोधी, जिला संयोजिका ऐश्वर्या मिश्रा, मातृशक्ति संयोजिका दीपांजलि, जिला संयोजक विनोद मौर्या, जिला संगठन मंत्री हर्ष, सह मंत्री संतोष सोनी, जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी, कोषाध्यक्ष राजनारायण शुक्ला, विधि प्रमुख अरविंद सिंह, नगर अध्यक्ष आलोक शाक्य, नगर कार्याध्यक्ष अतुलित बाजपेयी, जिला समरसता प्रमुख ललित पांडेय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परसदेपुर चौकी में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**परसदेपुर रायबरेली।** चौकी परसदेपुर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को कानून के दायरे में रहकर रामलीला व दुर्गा पूजा मनाने की अपील की।क्षेत्राधिकारी सलोन यादुवेंद्र पाल ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी प्रकार की अभद्रता न होने पाए, यह सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम ने कहा कि पंडाल सड़क पर न बनाए जाएं ताकि आवागमन बाधित न हो। उन्होंने आयोजकों को बिजली की लाइन के नीचे पंडाल न बनाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और मूर्ति विसर्जन शासन के निर्देशों के अनुसार कराने की बात कही।

इस दौरान अटावां निवासी रमेश सिंह ने मेला स्थल को खाली कराने की मांग रखी, जिस पर एसडीएम ने तुरंत लेखपाल को स्थल चिन्हित कर खाली कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी सलोन यादुवेंद्र पाल, थाना निरीक्षक जितेन्द्र मोहन सरोज, चौकी प्रभारी मोहित शर्मा सहित रामलीला कमेटी अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, आशीष सिंह, विनोद यादव, सन्दीप मोदनवाल, विनय सिंह, मुरली प्रधान, बच्चा त्रिवेदी, अभय तिवारी, नगर पंचायत कार्यालय से सरवन कुमार व सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कड़कड़ मॉडल विकास मंच गाजियाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक झंडापुर में संपन्न



**गाजियाबाद/साहिबाबाद।** कड़कड़ मॉडल विकास मंच गाजियाबाद के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक शहीद सफदर हाश्मी स्मारक स्थल झंडापुर में बाबूलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को मंच के प्रधान सत्येंद्र सिंह सेंगर द्वारा सम्बोधित करते हुए मंच की कमेटी को पंजीकृत कराने का प्रस्ताव रखा गया, इसके अलावा मंच के संचालन एवं कार्यवाही के लिए होने वाले खर्चो आदि के लिए 600 रुपये वार्षिक चंदा का प्रस्ताव बाबूलाल द्वारा पेश किया गया, उपरोक्त दोनों प्रस्ताव को बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकृति दी गई। साथ ही गाँव में घर-घर जाकर जन मुद्दों के बारे में सर्वे करने का तय किया गया जिसके बारे में जल्द मंच की आम सभा की जाएगी। मीटिंग में नीरु सिंह सेंगर, वीरपाल सिंह, कौशल चौहान, रोहित सेंगर, जितेंद्र सिंह पुंडीर, अंकुश सेंगर, ब्रह्मसिंह रावल, राकेश कुमार, रमेश यादव, शाहिद, दीपांशु, संतोष यादव, बी के एस चौहान, ईश्वर त्यागी, देवेंद्र शर्मा, जी एस तिवारी आदि शामिल रहे।

## स्कूटी ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर: एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर



**गाजियाबाद ।** वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत एनएच-नौ फ्लाईओवर की सर्विस रोड पर भीषण सड़क हादसा हुआ, हादसे में दो युवक गंभीर घायल हो गया। इलाज के दौरान एक की अस्पताल में मौत हो गई। पीड़ित पिता ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम पिपलैड़ा धौलाना हापुड़ निवासी मोहम्मद खालिद का पुत्र रिहान 30 अगस्त को अपने दोस्त रियाजुद्दीन पुत्र जहीरुद्दीन निवासी कमालपुर थाना पिलखुआ, हापुड़ के साथ मोटरसाइकिल पर अपनी बहन सना के घर डासना जा रहा था। जैसे ही वे डासना फ्लाईओवर की सर्विस रोड पर पहुंचे, तभी एक स्कूटी के चालक ने लापरवाही से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, हादसे में रिहान के सिर में गंभीर चोटें आईं और रियाजुद्दीन को भी गुम चोटें पहुंचीं।

पुलिस ने घायलों को राहगीरों की मदद से गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत देखकर उसे दिल्ली एम्स रेफर कर दिया। मगर इलाज के दौरान 31अगस्त की सुबह रिहान की मृत्यु हो गई। मेडिकल परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पीड़ित पिता ने बताया कि बेटे की मौत के सदमे व रिश्तेदारों के आने-जाने की वजह से रिपोर्ट दर्ज नहीं करा पाया, पीड़ित पिता ने स्कूटी अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि पीड़ित पिता मोहम्मद खालिद निवासी ग्राम पिपलैड़ा धौलाना हापुड़ ने स्कूटी चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, जांच-पड़ताल के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## नमो युवा रन केवल खेल नहीं, नशामुक्त भारत की ओर एक सामाजिक आंदोलन है: सुधांशु

**गाज़ियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर गाज़ियाबाद की ओर से रविवार को ङ्ह दिल्ली-6 मॉल, राजनगर एक्सटेंशन से भव्य नमो युवा रन मैराथन का आयोजन हुआ।

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री नरेंद्र कश्यप, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। 15 हजार से अधिक धावकों ने इसमें भाग लिया।

त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हैं। यह दौड़ केवल खेल नहीं बल्कि नशामुक्त भारत की दिशा में सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महानता का उल्लेख करते हुए कहा कि "जहाँ विदेशी संस्कृतियों में सत्ता के लिए पिता को कैद करने की परंपरा रही, वहीं हमारी संस्कृति में पितृपक्ष पर पूर्वजों को जल और अन्न अर्पित करने की परंपरा है।"सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गाज़ियाबाद के युवाओं की यह भागीदारी शहर की पहचान को नई दिशा देती है।कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची ताकत है और नशामुक्त भारत का संकल्प इसी से संभव है।मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ भारत और विकसित भारत के विजन को साकार कर रहा है।प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में गाज़ियाबाद का यह आयोजन पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है।

पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि युवाओं के स्वास्थ्य और अनुशासन में ही भारत का उज्ज्वल भविष्य निहित है।विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि नशामुक्त भारत की इस दौड़ ने हर युवा को समाज सुधार का संदेश दिया है।विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि युवाओं का यह संकल्प गाज़ियाबाद को पूरे प्रदेश में प्रेरणास्त्रोत बनाएगा। मैराथन राजनगर एक्सटेंशन झ्र रिवेरा हाइट चौक से यू-टर्न लेकर अजनारा, चार्म्स कैसल, वीवीआईपी मॉल, पीवीआर मेन रोड होते हुए दिल्ली-6 मॉल पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग पर 25 स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों और जलपान से धावकों का उत्साह बढ़ाया गया।

पुरस्कार परिणाम
**बॉयज कैटेगरीः प्रथम झ्र किशोर, द्वितीय झ्र पंकज, तृतीय झ्र कवित चौधरी**
गर्ल्स कैटेगरीः प्रथम झ्र एकता, द्वितीय झ्र अलिफसा, तृतीय- रितिका

विजेताओं को सुधांशु त्रिवेदी, सुनील शर्मा, अतुल गर्ग, अनिल अग्रवाल, नरेंद्र कश्यप, मयंक गोयल और रणजीत राय आदि ने मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मयंक गोयल ने की। आयोजन में रणजीत राय, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, संयोजक अभिषेक पंडित, काजल त्यागी, रॉबिन तोमर, गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, बॉबी त्यागी, संजय कांत शर्मा, रनिता सिंह, ऋचा भदौरिया, गुंजन शर्मा, संजीव झा, सौरभ जायसवाल, राहुल गोयल और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित पूरी टीम सक्रिय रही।महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी आमंत्रित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, धावकों और आयोजन में सहयोग देने वाले समाजसेवियों व संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गाज़ियाबाद का युवा नशामुक्ति का संकल्प लेकर समाज के प्रति समर्पित है और यह आयोजन हर वर्ष और भी भव्य रूप से होगा।नमो युवा रन ने गाज़ियाबाद को ऊर्जा, उत्साह और नशामुक्त भारत का संकल्प एक साथ दिया।

## बाहरी व्यक्तियों के जिम्मे उप निबंधक कार्यालयों के महत्वपूर्ण पटलों की जिम्मेदारी


**अमेठी।** अमेठी के तिलोई उप निबंधक कार्यालय में महत्वपूर्ण पटलों की ज़िम्मेदारी आधा दर्जन बाहरी व्यक्तियों के जिम्मे हैं। जिससे अनियमिताएं और भ्रष्टाचार लाजमी है। जबकि उत्तर प्रदेश शासन 29 अगस्त 2023 को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर सरकारी कार्यालयों में बाहरी व्यक्तियों, निजी कार्मिकों और प्राइवेट व्यक्तियों को न रखने का आदेश जारी कर रखा है।

देश का दर्पण
जयपुर, सोमवार
22.09.2025



## ‘दिमाग खराब हो गया था...’ सुपरस्टार संग इंटीमेट सीन शूट कर खूब रोई थी 900 करोड़ी फिल्म की

# तृप्ति डिमरी



एक बॉलीवुड एक्ट्रेस को साल 2023 में आई एक ब्लॉकबस्टर फिल्म से बड़ी पहचान हासिल हुई थी. उन्होंने फिल्म में एक सुपरस्टार के साथ इंटीमेट सीन दिए थे. इसे लेकर उनकी खूब चर्चा हुई थी. हालांकि एक्ट्रेस को लेकर लोगों ने काफी भला बुरा भी कहा था. लोगों की बातों से उन्हें बड़ा झटका लगा था और एक्ट्रेस कमरे में खुद को बंद करके रोती रहती थीं. चलिए जानते हैं कि ये एक्ट्रेस आखिर कौन हैं ?

ये एक्ट्रेस है साल 2017 में हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत करने वाली तृप्ति डिमरी. तृप्ति ने अपना करियर साल 2017 में फिल्म ‘पोस्टर बॉयज’ के जरिए शुरू किया था. हालांकि तृप्ति को बॉलीवुड में रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म ‘एनिमल’ से पहचान मिली थी. इस पिक्चर ने 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करके तहलका मचा दया था.

**रणबीर संग दिए थे इंटीमेट सीन**

दिसंबर 2023 में रिलीज हुई एनिमल में रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना लीड रोल में थे. इसमें रश्मिका ने रणबीर की पत्नी गीतांजलि का किरदार निभाया था. वहीं तृप्ति डिमरी फिल्म में रणबीर की गर्लफ्रेंड जोया रियाज के रोल में नजर आई थीं. इस दौरान रणबीर




और तृप्ति के बीच जमकर इंटीमेट सीन फिल्माए गए थे.

**खुद को कमरे में बंद करके रोने लगी थीं तृप्ति**

एनिमल ने रिलीज होते से ही बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे. पहले ही दिन फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था. सभी कलाकारों के काम की काफी तारीफ हुई थी और रणबीर के तृप्ति संग इंटीमेट सीन के भी खूब चर्चे हुए. हालांकि इसे लेकर तृप्ति को जमकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था. उन्हें अपने इस तरह के सीन को लेकर लोगों ने काफी भला बुरा कहा था. एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो खुद को कमरे में बंदक करके रोती थीं. उन्होंने आगे कहा था, मैं बहुत रोती थी. दिमाग खराब हो गया था कि लोग क्या लिख रहे हैं. कुछ कमेंट्स तो बहुत ही ज्यादा गंदे थे.

**एनिमल ने छापे थे 900 करोड़ से ज्यादा**

एनिमल को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया था. फिल्म पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जबकि इसने बजट से 9 गुना ज्यादा कमाई की थी. एनिमल ने दुनियाभर में 915 करोड़ रुपये की कमाई की थी और ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लिस्ट में शामिल हुई.

## 1000 करोड़ी फिल्म से धोया हाथ, अब King से बनेगी बात, शाहरुख संग 6वीं फिल्म को तैयार दीपिका पादुकोण




बॉलीवुड की फिल्मों में पिछले कुछ सालों में दीपिका पादुकोण का जलवा रहा है. उनकी फिल्में सबसे ज्यादा ब्लॉकबस्टर साबित हुई हैं. साथ ही एक्ट्रेस के अभिनय की भी बहुत तारीफ हुई है. साल 2024 में दीपिका ने पैन इंडिया फिल्म कल्कि में लीड एक्ट्रेस का रोल प्ले किया था. इस फिल्म में भले ही उनके किरदार की लेंथ बहुत ज्यादा नहीं थी लेकिन दूसरे पार्ट में उनका रोल काफी अहम होने वाला था. मगर सबकुछ ठीक नहीं रहा और अंत में दीपिका को इस फिल्म से अपना हाथ धोना पड़ा. दीपिका की कल्कि फिल्म से एक्जिट बड़ी ड्रामैटिक रही. इस फिल्म से बाहर निकलने के कुछ समय के अंदर ही दीपिका ने शाहरुख खान संग किंग फिल्म की शूटिंग की अनाउंसमेंट कर दी है. एक बार फिर से वे इंडस्ट्री में अपने लकी चार्म के साथ बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं.

**शाहरुख के नाम दीपिका का इमोशनल नोट**

पिछले कुछ समय से कल्कि के मेकर्स की ओर से जैसे पोस्ट्स किए गए उससे ये साफ नजर आ रहा था कि दीपिका के साथ उनके टर्म्स एक ट्रैक पर आते नजर नहीं आ रहे थे. इसका नुकसान ये हुआ कि दीपिका के हाथ से एक बड़ी फिल्म छूट गई और कल्कि 2898 एडी ने अपनी लीड एक्ट्रेस को गंवा दिया. अभी इस बात को कन्फर्म हुए कुछ समय ही हुआ था कि एक्ट्रेस ने एक और बड़ी अनाउंसमेंट कर दी और अपने फैंस के चेहरे पर फिर से मुस्कान ला दी. साल 2025 की शुरुआत से ही इस बात को लेकर चर्चा थी कि शाहरुख खान और सुहाना की फिल्म में दीपिका पादुकोण भी होंगी. अब खुद दीपिका ने इस बात की कन्फर्मेशन दे दी है और बता दिया है कि वे एक बार फिर से बॉलीवुड के किंग के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं.

**दीपिका पादुकोण ने क्या कहा ?**

दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की जिसमें शाहरुख खान उनका हाथ थामे नजर आ रहे हैं. इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा- 18 साल पहले ओम शांति ओम फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने मुझे ये सिखाया था कि फिल्म की सक्सेस से ज्यादा जरूरी होता है एक फिल्म को बनाने का और उस फिल्म में लोगों के साथ काम करने का एक्सपीरियंस. मैं भी इस बात से काफी इत्तेफाक रखती हूं और इस बात को अपने जीवन में उतारती भी हूं. और यही कारण है कि हम एक बार फिर से वापस आए हैं शायद अपनी 6वीं फिल्म साथ में बना रहे हैं.

## जिस फिल्म ने चमकाई जैकी श्रॉफ की किस्मत, वो पहले संजय दत्त को हुई थी ऑफर




बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त ने अपने 44 साल के करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं. संजय अब भी फिल्मों में काम कर रहे हैं. ढेरों फिल्मों में लीड रोल निभाने के अलावा संजय फिल्मों में विलेन के किरदार में भी नजर आते हैं. वैसे आपको बता दें कि संजू ने अपने करियर में कई बड़ी फिल्मों को रिजेक्ट भी किया है.

इनमें से एक फिल्म ऐसी है जिसने जैकी श्रॉफ को बॉलीवुड में बतौर स्टार स्थापित कर दिया था.संजय दत्त ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 1981 की फिल्म ‘रॉकी’ से की थी. जबकि 1982 में जैकी श्रॉफ ने भी बॉलीवुड में अपने कदम रख दिए थे. हालांकि बतौर लीड एक्टर उनकी शुरुआत 1983 में हुई थी. वो पहली ही फिल्म से छा गए थे. हालांकि इसके लिए जैकी मेकर्स की पहली पसंद नहीं थे. पहले मेकर्स ने संजू को अप्रोच किया था.

**संजू ने रिजेक्ट की थी जैकी की ब्लॉकबस्टर फिल्म**

यहां जिस फिल्म की बात हो रही है उसका नाम है ‘हीरो’. ‘हीरो’ ने रातोंरात जैकी की किस्मत का सितारा चमका दिया था. उन्होंने ‘भगवान दादा’ (1982) में छोटी सी भूमिका से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था.

लेकिन, बतौर लीड एक्टर ‘हीरो’ से उनके करियर का आगाज हुआ था. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. पहले इसे संजय दत्त को ऑफर किया गया था. लेकिन, बताया जाता है कि संजय के हाथ से ये फिल्म उनकी ड्रग्स की लत की वजह से निकल गई थी.

**1983 की तीसरी सबसे कमाऊ फिल्म बनी**

संजय की ना के बाद पिक्चर के लिए जैकी श्रॉफ को कास्ट किया गया था. उनके अपोजिट फिल्म में मीनाक्षी शेषाद्रि नजर आई थीं.

मीनाक्षी भी इसके लिए फर्स्ट चॉइस नहीं थीं. उन्हें संजीता बिजलानी के इनकार के बाद ‘हीरो’ ऑफर हुई थी. इसका डायरेक्शन दिग्गज डायरेक्टर सुभाष घई ने किया था. फिल्म के साथ-साथ इसके गानों को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया था. ‘हीरो’ को 1.78 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था. वहीं फिल्म ने दुनियाभर में 9 करोड़ रुपये की कमाई की थी. बाद में इसके तेलुगु और कन्नड़ में भी रीमेक बने थे. वहीं बॉलीवुड में भी इसका साल 2015 में रीमेक बनाया गया था.

### बेबी बंप के साथ दिखीं

# कटरीना कैफ

## बिना कंफर्मेशन के लोग देने लगे बधाई



काफी वक्त से बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की खबर सामने आ रही है, लेकिन इस खबर को किसी ने ऑफिशियल पुष्टि नहीं की है. हालांकि, हाल ही में एक्ट्रेस की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वो बेबी बंप के साथ दिख रही हैं. एक्ट्रेस की इस फोटो के वायरल होने के




बाद से लोग उन्हें बधाईयां दे रहे हैं. साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि वो किसी ऐड के लिए शूट करवा रही हैं, लेकिन वायरल हो रही इस फोटो में एक्ट्रेस का चेहरा साफ तौर पर नजर नहीं आ रहा है.

साल 2021 में कटरीना कैफ विकी कौशल के साथ शादी के बंधन में बंधी थीं. इस साल जुलाई में बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ ने अपनी बेबी गर्ल का वेलकम किया था, हालांकि उसी दौरान कटरीना की भी प्रेग्नेंसी की झूठी अनाउंसमेंट काफी वायरल हो रही थी. हालांकि, अब सामने आ रही तस्वीर में साफ तौर पर एक्ट्रेस का बेबी बंप देखा जा सकता है. लेकिन, कपल की तरफ से इस मामले में कोई भी बयान सामने नहीं आया है.

**ऑफिशियल पुष्टि नहीं हुई**

इस खबर को और हवा तब मिली जब कुछ वक्त पहले कटरीना और विकी को साथ देखा गया था. उस दौरान एक्ट्रेस ने ओवरसाइज्ड शर्ट पहना हुआ था, जिस पर कमेंट करते हुए लोगों ने कहा था कि वो अपना बेबी बंप छिपा रही हैं. वायरल हो रही फोटो कटरीना की ही है, इसकी कोई ऑफिशियल पुष्टि नहीं हुई है, कुछ लोगों का ये भी मानना है कि ये फोटो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से जनरेट की हुई हो सकती है.

**लोग देने लगे शुभकामनाएं**

लोगों के रिएक्शन की बात करें, तो एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, मेरे अंदर का 14 साल का फैन चीख रहा है, बधाई हो. एक और फैन ने कमेंट करते हुए लिखा, एक पल के लिए तो मुझे लगा कि ये प्रेग्नेंट करीना की याद दिला रहा है, लेकिन वाह बधाई हो.वहीं कुछ लोगों ने कपल को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बेस्ट विशेज दी हैं. लेकिन, फिलहाल लोग कपल के ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार कर रहे हैं.

## नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को मिला फीडे विश्व कप का निमंत्रण , भारतीय मूल के अभिमन्यु मिश्रा भी खेलेंगे

**एजेंसी**

**गोवा, भारत।** आगामी फीडे विश्व कप में इस बार नई पीढ़ी के कुछ उभरते सितारे भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। 11 वर्षीय अर्जेंटीना के प्रतिभाशाली खिलाड़ी फाउस्टिनो ओरो, अमेरिका के एंडी वुडवर्ड और अभिमन्यु मिश्रा, रूस के वोलोदार मुर्जिन और ऑस्ट्रिया का प्रतिनिधित्व करने वाले किरिल अलेक्सेएंको को फीडे अध्यक्ष आर्कादी ड्वोर्कोविच ने विशेष निमंत्रण दिया है। विश्व कप 30 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक गोवा में खेला जाएगा। यह मौका युवा खिलाड़ियों के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ ग्रैंडमास्टर्स से मुकाबला करने का अनूठा अवसर होगा। अभिमन्यु मिश्रा (जो सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बने थे) और एंडी वुडवर्ड (जिन्होंने इस वर्ष अमेरिका का जूनियर क्लोज्ड चैम्पियनशिप जीता और समरकंद में हुए फीडे ग्रांड स्विस में क्रमशः 5वां और 7वां स्थान प्राप्त किया) अपने शानदार प्रदर्शन के चलते चयनित हुए हैं। अभिमन्यु मिश्रा ग्रांड स्विस मेन विश्व चैम्पियन डी गुकेश को पराजित करते हुए सुर्खियां में आए थे। वहीं, 19 वर्षीय वोलोदार मुर्जिन, मौजूदा विश्व रैपिड चैम्पियन और 2670 रेटिंग वाले तेजी से उभरते खिलाड़ी को भी आमंत्रित किया गया है। 28 वर्षीय ग्रैंडमास्टर किरिल अलेक्सेएंको का नाम भी इस सूची में शामिल है।

## 62वीं सीनियर राष्ट्रीय शतरंज : सूर्या गांगुली पर होंगी नजरे

**गुंटूर , आंध्र प्रदेश।** विश्व शतरंज की महाशक्ति भारत की सीनियर राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा भी दुनिया की सबसे कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कहलाती है और इसे जीतना कभी आसान नहीं होता , इसका अंदाजा आप कुछ यूं लगा सकते है की वर्तमान विश्व चैम्पियन डी गुकेश कभी यह स्पर्धा नहीं जीत पाये है । राष्ट्रीय सीनियर का 62 वां संस्करण 21 सितंबर से 01 अक्टूबर के दौरान कुल 11 राउंड में खेला जाएगा । जिसमें 14 ग्रांड मास्टर समेत कुल 87 टाइटल खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे जबकि खिलाड़ियों की कुल संख्या 391 है । प्रतियोगिता की शीर्ष वरीयता तमिलनाडु के ग्रांड मास्टर इनियन पी को मिली है ,वहीं सबकी नजरें होंगी 2003 से 2008 तक लगातार छह बार के राष्ट्रीय चैम्पियन सूर्या शेखर गांगुली की वापसी पर जो लंबे समय बाद वापस यह स्पर्धा खेल रहे है , सूर्या शेखर गांगुली भारत के उन खिलाड़ियों में शामिल है जिन्होंने विश्वनाथन आनंद को तीन विश्व चैम्पियनशिप जीतने में सहयोग किया है । वहीं तीसरी वरीयता मिली है पूर्व एशियन और दो बार के राष्ट्रीय चैम्पियन पीएसपीबी के एसपी सेथुरमन को तो चौथे वरीय खिलाड़ी के तौर पर चार बार के राष्ट्रीय चैम्पियन कृष्णन शशिकिरण की वापसी ने इस बार इस स्पर्धा को बेहद आकर्षक बना दिया है ।

## अश्विन ने की पीसीबी की आलोचना, कहा- अगर मैं एंडी पाइक्रॉफ्ट होता, तो आप मुझसे माफी मांगते

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इन दिनों गलत कारणों से चर्चा में है। मौजूदा टी20 एशिया कप 2025 में पीसीबी ने भारत द्वारा हाथ मिलाने की अनदेखी पर नाराजगी जताई और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट पर अपना गुस्सा निकाला। यूएई मैच से पहले पाइक्रॉफ्ट की पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से मुलाकात की रिकॉर्डिंग को लेकर जहां पीसीबी मुश्किल में है, वहीं पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बेवजह के ड्रामे के लिए बोर्ड की आलोचना की। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एंडी पाइक्रॉफ्ट ने वाकई सबको ऐसा घटिया तमाशा देखने से बचा लिया। उन्होंने आगे कहा, भारत ने मैच रेफरी को पहले ही बता दिया था, यह हमारा फैसला है और हम इसका पालन करेंगे। बस। इतने सारे ड्रामे के बाद आप मैच हार गए। तो आप किस बात की शिकायत कर रहे हैं? आप इसलिए नहीं हारे क्योंकि हमने हाथ नहीं मिलाया। कृपया जाकर पता लगाएं कि आप असल में क्या सुधार कर सकते हैं। अगर भारत के साथ हाथ न मिलाना आपकी समस्या थी, तो आप यूएई के मैच में उस समस्या का हल क्यों ढूंढ रहे थे? आपको एंडी पाइक्रॉफ्ट को बलि का बकरा क्यों बनाना पड़ा? उसने कुछ भी गलत नहीं किया।

## बांग्लादेश खिलाफ अफगानिस्तान टीम की घोषणा, सीमित ओवर की सीरीज के लिए टीम में हुए 3 बड़े बदलाव

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश खिलाफ 2 अक्टूबर से यूएई में शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। टी20 एशिया कप 2025 के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद अफगान चयनकर्ताओं ने तीन बड़े बदलाव किए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ऑलराउंडर गुलबदीन नैब और करीम जनत को टीम में जगह नहीं मिली। फारूकी की जगह लंबे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद को टीम में शामिल किया गया। वह अफगानिस्तान के लिए पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अंडर-19 स्तर पर अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है और पांच लिस्ट ए और 14 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 38.16 की औसत से 12 टी20 विकेट लिए हैं। इस सूची में एक और अनकैप्ड खिलाड़ी 18 वर्षीय शीर्ष क्रम बल्लेबाज वफीउल्लाह तरखिल हैं। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी टीम को जूझना पड़ा है और 2026 के टी20 विश्व कप से पहले वे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना चाहेंगे।

# पीकेएल-12 : हरियाणा स्टीलर्स ने तमिल थलाइवाज को हरा कोच मनप्रीत को 100वीं जीत का दिया तोहफा

**एजेंसी**

**जयपुर।** मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स के खिलाड़ियों ने सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज को 38-36 के अंतर से हराकर अपने कोच मनप्रीत सिंह को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में बतौर कोच 100वीं जीत का तोहफा दिया। आठ मैचों में यह हरियाणा की छठी जीत है जबकि थलाइवाज को लगातार दो जीत के बाद लगातार दूसरी हार मिली है। हरियाणा की जीत में उसके सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया। शिवम पटार ने 9 अंक लिए जबकि विनय ने सात। मयंक सैनी ने चार अंक लिए जबकि डिफेंस में कप्तान जयदीप ने तीन शिकार किए। थलाइवाज के लिए कप्तान अर्जुन देसवाल ने 13 अंक जुटाए लेकिन वह अपनी टीम द्वारा समय पर रिवाइव नहीं करा पाने के कारण उसे जीत तक नहीं ले जा सके। पिछले मैच में पुनेरी पल्टन को हराने वाली हरियाणा ने अपना खेल वहीं से



शुरू किया, जहां खत्म किया था। उसने चार मिनट में ही थलाइवाज को आलआउट की ओर धकेला और फिर इसे अंजाम देकर 9-3 की लीड ले ली। देसवाल एक बार जो आउट हुए तो आलइन के बाद ही रिवाइव हो सके। इस बीच विनय ने मल्टीप्वाइंटर लिया और फिर साहिल ने देसवाल को लपक स्कोर 12-3 कर दिया। इस बीच विनय की डू ओर डाई रेड पर थलाइवाज के दो डिफेंडर आउट हुए। फिर शिवम ने शफागी को लपक थलाइवाज को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। 10 मिनट बाद हरियाणा 15-4 से आगे थे। इस बीच शिवम ने सुपर टैकल की स्थिति में डू ओर डाई रेड पर अंक ले लिया। इसके बाद शिवम ने ही थलाइवाज को आलआउट कर हरियाणा को 20-5 से आगे कर दिया। आलइन के बाद देसवाल ने शिवम को आउट कर अपना खाता खोला। फिर थलाइवाज के डिफेंस ने विनय को लपक लिया। इसके बाद योगेश ने दो अंक लेकर हरियाणा को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। मयंक की रेड पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। फिर सुपर टैकल की स्थिति में देसवाल ने जयदीप को आउट कर हरियाणा को दो खिलाड़ियों तक सीमित किया लेकिन शिवम ने दो अंक की रेड के साथ उसे बचा लिया। देसवाल ने हालांकि अगली रेड पर अंक लिया।

## सीएबीआई अध्यक्ष ने राष्ट्रपति से मिलकर पहले दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप का विवरण प्रस्तुत किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नवर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर पहले दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप 2025 का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री तथा टूर्नामेंट की आयोजन समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी लेखी भी थीं यह विश्व कप 11 से 25 नवंबर तक आयोजित होगा और इसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे। मैच नई दिल्ली, बेंगलुरु और श्रीलंका के कोलंबो में होंगे। टूर्नामेंट में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमों भाग ले रही हैं। सीएबीआई की ओर से जारी बयान में क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ. किवादासन्नावर ने कहा कि राष्ट्रपति से मिलना और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, जो दुनिया भर में दृष्टिबाधित महिला क्रिकेटरों के समावेश, साहस और खेल भावना का जश्न मनाता है।आयोजन समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी लेखी ने कहा कि राष्ट्रपति सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। दिव्यांग पुरुष और महिलाएं इस पूरे सफर में उनके द्वारा दिए गए समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं। समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा सीएबीआई द्वारा आयोजित यह विश्व कप विशेष रूप से दिव्यांग महिला खिलाड़ियों के लिए, समावेशी और न्यायसंगत खेल मंच बनाने में भारत के वैश्विक नेतृत्व को दर्शाता है। भारतीय महिलाएं निडर होकर क्रिकेट खेलने और घरेलू धरती पर एक और ऐतिहासिक अध्याय लिखने के लिए तैयार हैं।

## यास्तिका भाटिया के घुटने की हुई सर्जरी, बोलीं- जल्द ठीक होने और वापसी पर ध्यान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी यास्तिका भाटिया ने अपने घुटने की चोट को लेकर अपडेट दिया है। उन्होंने बताया है कि उनके घुटने की सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है। अब उनका ध्यान जल्द ठीक होकर मैदान पर वापसी पर है। यास्तिका को इस महीने की शुरुआत में बाएं घुटने में चोट लगने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज के साथ-साथ आईसीसी महिला विश्व कप 2025 से भी बाहर कर दिया गया था। आईसीसी महिला विश्व कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। यास्तिका ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, पिछले कुछ दिनों में घुटने की चोट के बाद मुझे कुछ कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। मैं अभी भी इन सब से उबर रही हूं, लेकिन मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी



अच्छी तरह से हुई। मैं अपने डॉक्टरों और उन सभी लोगों की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझे इतना प्यार और समर्थन दिया। मेरा ध्यान अब ठीक होने, मज़बूत बने रहने और जल्द से जल्द मैदान पर वापसी पर है। इस खेल के प्रति मेरा प्रेम और अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 1-2 से हार गई। अब टीम का ध्यान 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप पर होगा।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंधाना ने लगाई रिकॉर्डों की झड़ी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने भारतीय क्रिकेट के इतिहास में रिकॉर्डों की बरसात कर दी। 413 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना ने महज़ 50 गेंदों में शतक ठोककर भारत के वनडे इतिहास (पुरूष और महिला) का सबसे तेज़ शतक जड़ा। मंधाना का यह शतक विराट कोहली (52 गेंद बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2013), वीरेंद्र सहवाग (60 गेंद बनाम न्यूज़ीलैंड, 2009) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (62 गेंद बनाम न्यूज़ीलैंड, 1988) जैसे दिग्गजों से भी आगे निकल गया। इसके अलावा यह मंधाना का लगातार दूसरा शतक था, जिसने उन्हें भारतीय महिला क्रिकेट में एक और खास मुकाम दिला दिया। उन्होंने 2024 में भी लगातार दो शतक लगाए थे और अब 2025 में भी यह कारनामा दोहरा दिया है। मंधाना ने साबित कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया जैसी मज़बूत टीम भी उनके सामने टिक नहीं सकती। महिला वनडे क्रिकेट में उनके खिलाफ यह उनका चौथा शतक है। इस मामले में वे अब दुनिया की चुनिंदा बल्लेबाज़ों में शामिल हो गई हैं। इसके अलावा



मंधाना ने 2024 और 2025–दोनों सालों में चार-चार शतक जड़ दिए हैं। महिला वनडे क्रिकेट में यह उपलब्धि बहुत कम बल्लेबाज़ों ने हासिल की है। इस पारी के बाद मंधाना के महिला वनडे में कुल शतक की संख्या 13 हो गई है। अब वे सिर्फ मेग लैनिंग (15) और सूज़ी बेट्स (13) जैसी महान बल्लेबाज़ों के बराबर खड़ी हैं। मैच की बात करें तो समाचार लिखे जाने तक भारत 413 रनों के लक्ष्य का पीछा 22 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 222 रन बना लिए हैं। दीप्ति शर्मा 6 और ऋचा घोष 5 रन बनाकर खेल रही हैं। स्मृति मंधाना 63 गेंदों पर 125 रन बनाकर आउट हो गई हैं। इस दौरान उन्होंने 17 चौके और 5 छक्के लगाए। उनके अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 35 गेंदों पर 8 चौकों की बदौलत 52 रन बनाए।

# पीकेएल–12 : पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी का विजय रथ रोका

**एजेंसी**

**जयपुर।** दबंग दिल्ली केसी का लगातार छह मैचों से चला आ रहा विजय रथ आखिरकार रुक गया। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो. कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 43वें मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने अंतिम रेड में नीरज नरवाल को लपक 33-30 के अंतर से मैच जीत लिया। दिल्ली को पहली हार मिली जबकि पटना को सात मैचों में दूसरी जीत मिली। एक समय 12 अंक से पीछे चल रही पटना की जीत में अंकित (12) का अहम योगदान रहा। उन्होंने मैच में पटना की वापसी कराई और फिर स्कोर बराबर भी किया। दिल्ली के लिए आशू मलिक ने 6 अंक लिए जबकि नीरज नरवाल ने 8 अंक जुटाए। पटना के लिए कप्तान अंकित ने डिफेंस में 6 अंक जुटाए।

दिल्ली ने अच्छी शुरुआत करते हुए तीन मिनट में ही 4-1 की लीड बना ली थी लेकिन सुधाकर ने फजल का शिकार कर फासला दो का कर दिया। फिर अजिंक्य को लपक अंकित ने स्कोर 3-4 कर दिया। सौरव ने मिलन को लपका तो अयान ने डिफेंस में हाथ साफ करते



हुए नीरज का शिकार कर स्कोर 4-6 कर दिया। इस बीच दिल्ली ने अयान को लपका और फिर अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 8-4 कर दिया। ब्रेक के बाद सुधाकर ने एक अंक लिया तो नीरज ने दिल्ली को दो अंक दिला दिए। संदीप और सुरजीत ने हालांकि अगली रेड पर सुधाकर को लपक लिया लेकिन अंकित ने अजिंक्य का शिकार कर स्कोर 6-11 किया। फिर सुरजी ने अकेले दम पर मिलन को लपक लीड फिर दोगुना कर दी। इस बीच आशू ने दो अंक लेकर पटना को दो खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया। अगली रेड पर नीरज ने हालांकि उन्हें रिवाइव करा लिया। फिर नीरज ने ही पटना को आलआउट की ओर धकेला और फिर सुरजीत ने हाफटाइम से ठीक पहले आलआउट लेते हुए दिल्ली को 19-10 की लीड दिला दी। ब्रेक के बाद दिल्ली ने लगातार दो अंक लेकर पकड़ मजबूत की। इस बीच सौरव ने अयान को लपक स्कोर 22-11 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर सौरव का शिकार कर लिया लेकिन अजिंक्य ने मिलन को आउट कर हिसाब बराबर किया। दिल्ली का डिफेंस अयान को नहीं चलने दे रहा था लेकिन डिफेंस ने हाथ खोल दिए थे। नवदीप ने अजिंक्य को लपक लिया। पिछली रेड पर नीरज को आउट करने वाले अंकित ने अगली दो रेड पर सुरजीत और फजल को आउट कर स्कोर 16-25 कर दिया। फिर डिफेंस ने नीरज को लपक दिल्ली को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। अंकित ने इसके बाद डू ओर डाई रेड पर संदीप का शिकार कर दिल्ली को आलआउट की ओर धकेला।

## सुपर-4 में हार के बावजूद श्रीलंका कप्तान ने की टीम की सराहना, कहा- ड्रेसिंग रूम इस बात से खुश

**एजेंसी।**

**दुबई।** श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका ने इंटरनेशनल स्टेडियम में एशिया कप 2025 के सुपर 4 के अपने पहले मैच में बांग्लादेश से चार विकेट से मिली हार के बावजूद अपनी टीम के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में अफगानिस्तान के कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर सुपर 4 में अपनी जगह पक्की की थी। बांग्लादेश के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने दासुन शनाका की दमदार पारी की बदौलत 20 ओवरों में 168 रन बनाए। मैच के बाद बोलते



हुए असलांका ने स्वीकार किया कि टीम ने अच्छा संघर्ष दिखाया लेकिन वे अपनी पारी को और बेहतर तरीके से समाप्त कर सकते थे।

असलांका ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह एक शानदार मैच था। हमने अंत तक संयम बनाए रखा लेकिन यह काफी नहीं था। अपनी बल्लेबाजी से थोड़ा खुश हूं, हम आखिरी 2 ओवरों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। हम 10-15 रन कम बना पाए। दासुन शनाका ने पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए वाकई अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने एक लंबा छक्का लगाया और ड्रेसिंग रूम लगभग 170 के स्कोर से खुश था।

## सीनियर व सब-जूनियर बैडमिंटन टीमों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**एजेंसी**

**मंडी।** 71वीं सीनियर पुरुष व महिला तथा 44वीं सब-जूनियर लड़कों और लड़कियों की राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के लिए हिमाचल प्रदेश की बॉल बैडमिंटन टीमों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 13 से 20 सितंबर तक बॉल बैडमिंटन ग्राउंड नबाही देवी तहसील सरकाघाट जिला मंडी हि.प्र. में कोच नरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र कुमार व वेद प्रकाश शर्मा के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कोच नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों ने शिविर के दौरान अपने खेल कौशल को बेहतर बनाने के लिए समर्पण के साथ अभ्यास किया और खेल की तकनीकी जानकारी प्राप्त की जिससे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सीनियर वर्ग की पुरुषों की टीम में वैभव ठाकुर, दिनेश, आयुष, साहिल धीमान, अभिनंदन



व विरेंद्र शर्मा मंडी से, मुकंद शुक्ला व अखिलेश शर्मा बिलासपुर से तथा अनिरुद्ध शारदा व आर्यन राणा ऊना से शामिल हैं। जबकि महिलाओं की टीम में आकांक्षा, अमिता, आंचल, सुरिधि, ऋतिका, कामना व निशा मंडी से, कन्नू प्रिया व पुष्पा लता बिलासपुर से तथा स्मृति शिमला से चयनित हुईं। वहीं सब-जूनियर वर्ग की लड़कों की टीम में शिवांश ठाकुर, आदर्श, साहिल, शौर्या, ध्रुव व साहिल मंडी से, आतिश शर्मा ऊना से, पूर्वांश चौहान व सार्थक शिमला से शामिल हैं। उसी प्रकार लड़कियों की टीम में निकिता, अर्चिता, प्रांजुल, अनवी, मानशी राणा मंडी से तथा अक्षिता ऊना से चयनित हुईं। यह सभी खिलाड़ी 71वीं सीनियर राष्ट्रीय तथा 44वीं सब-जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु तामिलनाडु डिंडीगुल में 24 सितंबर से 28 सितंबर तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। समापन समारोह की अध्यक्षता बीएल गोयल अध्यक्ष व आरके भारद्वाज कोषाध्यक्ष बॉल बैडमिंटन संघ ने की।

## गोरखपुर में होगी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता, वाराणसी मंडल से 16 खिलाड़ियों का चयन

**एजेंसी**

**वाराणसी।** खेल विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल पुरुष सीनियर ग्रीको रोमन एवं फ्रीस्टाइल राज्य कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 सितंबर 2025 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोरखपुर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वाराणसी मंडल की टीम का चयन 20 सितंबर को वाराणसी में मंडलीय स्तर पर ट्रायल के बाद किया गया।

**ट्रायल में 67 खिलाड़ियों ने लिया भाग:** मंडलीय चयन ट्रायल में वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जिलों से कुल 67 पहलवानों ने भाग लिया। वजन माप सुबह 10 बजे हुआ जबकि 11 बजे से चयन ट्रायल की शुरुआत की गई। निर्णायक की भूमिका में सुरेंद्र यादव, विशाल यादव, उमेश यादव, दिव्यांश सिंह और अश्वनी सिंह मौजूद रहे।

**फ्रीस्टाइल वर्ग में चयनित खिलाड़ी**

फ्रीस्टाइल वर्ग में वाराणसी मंडल की ओर से जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ, उनमें -

57 किलो : आशुतोष
61 किलो : देवांश पाल
65 किलो : दीपक यादव
70 किलो : शेरू यादव
74 किलो : अनुज यादव
79 किलो : ऋषि यादव
86 किलो : मैत्रेय यादव
125 किलो : अंकुर यादव (गाजीपुर)

**ग्रीको रोमन वर्ग में चयनित खिलाड़ी**

ग्रीको रोमन वर्ग में चयनित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार रही -

55 किलो : नितेश प्रजापति
60 किलो : जाहिद अली
63 किलो : अमन यादव
67 किलो : अनुज विनायक यादव
72 किलो :अंशुमन यादव
77 किलो : विष्णु गुप्ता
82 किलो : प्रियांशु यादव
130 किलो : आशुतोष यादव (गाजीपुर)

**कुल 16 पहलवान करेंगे मंडल का प्रतिनिधित्व**

चयन प्रक्रिया के अंतर्गत वाराणसी मंडल की टीम के लिए कुल 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें 14 वाराणसी जिले से और 2 गाजीपुर जिले से हैं। ये सभी पहलवान आगामी 27 से 29 सितंबर को गोरखपुर में होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश ने मारी बाजी, श्रीलंका को चार विकेट से हराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के सुपर फोर मुकाबले में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश ने श्रीलंका को 4 विकेट से हरा कर टूर्नामेंट में अहम जीत दर्ज की। यह श्रीलंका की सुपर फोर चरण की पहली हार रही। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाए थे, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 19.5 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की शुरुआत मजबूत रही। पथुम निसांका (22 रन, 15 गेंद) और कुसल मेंडिस (34 रन, 25 गेंद) ने पहले विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। हालांकि मध्य क्रम लड़खड़ा गया-
कामिल मिशारा - 11 गेंद में 5 रन
कुसल परेरा - 16 रन (16 गेंद)
चरत असलंका - 21 रन (17 गेंद)
दासुन शनाका - 14 रन (9 गेंद)
विकेटकीपर सदीरा समरविक्रमा - 8 रन (5 गेंद)

बांग्लादेशी गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में शानदार वापसी की। तास्किन अहमद और शोरीफुल इस्लाम ने किफायती गेंदबाज़ी करते हुए रन गति पर नियंत्रण रखा। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत खराब रही।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। दौरे पर भारतीय टीम कुल पांच मैच खेलेगी, जो 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में होंगे। भारतीय जूनियर महिला टीम पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेलेगी। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग की क्लब टीम कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच होंगे। यह सीरीज दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

टीम में डिफेंडर, मिडफील्डर और फॉरवर्ड का संतुलित मिश्रण है, जिसका नेतृत्व ज्योति सिंह करेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को सौंपी गई है। डिफेंस में मनीषा, ज्योति सिंह, लालथंटलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदनी शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका



यादव, साक्षी राणा, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, इशिका, सुनेलिता टोप्पो और अनिशा साहू और फॉरवर्ड लाइन में लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, सोनम, कनिका सिवाच और सुखवीर कौर हैं।

हॉकी इंडिया के अनुसार खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में अपने कौशल को निखार रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया में शीर्ष-स्तरीय प्रतिद्वंद्वियों के साथ अनुभव, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में उनके कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

टीम के चयन पर भारतीय जूनियर महिला टीम कोच तुषार खांडेकर ने कहा, यह युवा खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है जो प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमने सभी विभागों में सही संतुलन बनाने की कोशिश की है और ऐसे खिलाड़ी चुने हैं जो किसी भी परिस्थिति में ढल सकें।

हालांकि वे युवा हैं, लेकिन अपनी उम्र के हिसाब से काफी अनुभवी हैं और साथ मिलकर बहुत अच्छा खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरा इस समूह के लिए अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का एक शानदार अवसर होगा।